पत्रांक : 04/NULM-73/16.................... // न०वि०एवंआ०वि०

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

चैतन्य प्रसाद, भा0प्र0से0
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग ।

सेवा में,

नगर आयुक्त,पटना, गया एवं छपरा नगर निगम ।
कार्यपालक पदाधिकारी, हाजीपुर नगर परिषद् ।

पटना,दिनांक

विषय : दीनदयाल अंत्योदय योजना -राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के EST&P घटक के अंतर्गत Government Training Providers (GTPs) द्वारा गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण के क्रियान्वयन के सम्बंध में ।

प्रसंग:- विभागीय पत्र संख्या-1072 दिनांक-28.04.2017, 1464 दिनांक-22.06.2017 एवं बिहार कौशल विकास मिशन पत्र संख्या-275 दिनांक-26.04.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध में कहना है कि प्रासंगिक वर्णित पत्रों के द्वारा BSDM द्वारा प्राप्त SDCs के साथ एकरारनामा कर प्रशिक्षण प्रारम्भ करने का निदेश दिए गये हैं । इसी क्रम में BSDM से Government Training Providers (GTPs) एजेंसीज की सूची प्राप्त हुई है ।
उल्लेखनीय है कि GTPs में दो तरह के प्रशिक्षण की व्यवस्था है यथा आवासीय एवं गैर-आवासीय ।

सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि वैसे GTP जहां गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था है वह GTP जिस नगर निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत है उस नगर निकाय के साथ सम्बंधित GTP, एकरारनामा कर कौशल प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगें । BSDM द्वारा प्राप्त सूची में वैसे GTP जहां गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था है वह पटना, गया, हाजीपुर एवं छपरा नगर निकाय के क्षेत्र में अवस्थित है (सूची संलग्न) ।

अतः पत्र के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि सम्बंधित नगर निकाय GTP जहां गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था है एकरारनामा कर कौशल प्रशिक्षण प्रारम्भ करें ।

अनुलग्नक: यथोक्त

विश्वासभाजन
ह०/-
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक:-04/NULM-73/16 पटना/दिनाकं

प्रतिलिपि:-प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह०/-

प्रधान सचिव,

नगर विकास एवं आवास विभाग

ज्ञापांक:-04/NULM-73/16 1979 पटना/दिनाकं 29/8/17

प्रतिलिपि:-सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी ATDC,पटना,गया,हाजीपुर एवं छपरा / CIPET, हाजीपुर / IED,पटना / TRTC,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित ।

26/8/2017

प्रधान सचिव,

नगर विकास एवं आवास विभाग